Dabang Dunia (Indore), 10th February 2020, DD-2, Page. 03

# सलीम सुलेमान के संगीत से गूंजा आईआईटी

## कॉमेडियन जाकिर खान ने भी गुदगुदाया

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर



क्या करूं ओ लेडीज मैं हूं, आदत से मजबूर। ये हलकट जवानी, अली मौला, कुर्बान हुआ और भी कई गीतों से गुंजायमान रहा आईआईटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फ्लकसस'। इसके समापन दिवस के अवसर पर जाने-माने संगीत कलाकार सलीम सुलेमान ने लाइव परफॉर्मेंस दी। उन्होंने गीतों को इस अंदाज में प्रस्तुत किया कि सारे स्टूडेंट धुन, साज और संगीत में खो गए। इसके साथ कार्यक्रम में मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसाया-गुदगुदाया। हमेशा की तरह चीजों को अपनी जिंदगी से जुड़े अनुभवों के साथ जोड़कर उसे एक चुटीले अंदाज में प्रस्तुत करने का उनका तरीका सभी को मोहित कर गया। कार्यक्रम में इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर अर्यमा सान्याल, कोयला मंत्रालय के पूर्व सचिव अनिल स्वरूप और डॉ. मुनीष जिंदल मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में गो ग्रीन को बढ़ावा देने के मकसद से किसी तरह के प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया गया। तीन दिवसीय ये कार्यक्रम प्रतिभा उत्सव से परिपूर्ण था।